इंडिया पोस्ट
पेमेन्ट्स बैंक
India Post
Payments Bank

एक सफर जो बाधाओं को पार कर हुआ अग्रसर

नई राह
एक गौरवशाली
संस्थान की
ओर

वार्षिक रिपोर्ट 2017-18

इंडिया पोस्ट
पेमेन्ट्स बैंक

India Post
Payments Bank

एक सफर जो बाधाओं को पार कर हुआ अग्रसर

इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक ने प्रत्येक देशवासियों को आर्थिक सशक्तिकरण की राह पर अग्रसर करने के लिए एक अद्वितीय पथ का चयन किया है. आज़ादी के बाद से औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था ग्रामीण भारत तक पहुंचने में पूर्ण रूप से सफल नहीं हुई है. बैंकिंग सुविधा से वंचित एवं कम बैंक सुविधा वाले ग्रामीण भारत में आईपीपीबी एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी पहल सिद्ध होगा।

देश के हर जिले, शहर और गांव तक फैले भारतीय डाक विभाग के लगभग 1.55 लाख डाकघर और 3.0 लाख डाक कर्मचारियों के विशाल नेटवर्क का लाभ उठाते हुए आईपीपीबी ग्रामीण बैंकिंग संरचना के आकार को लगभग 7 गुणा बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। आईपीपीबी द्वारा तकनीकी एवं किफायती रूप से बनाया गया सरल एवं सहज ऐप्लीकेशन डिजिटल साक्षरता को बढ़ाने हेतु मुख्य चुनौतियों का समाधान करने में मददगार साबित होगा। यहां हर-प्रकार की भुगतान क्षमता एक पारदर्शिता लाती है, जिससे 'नकद-रहित' अर्थव्यवस्ता को आधार प्रदान करते हुए धोखाधड़ी की संभावना को समाप्त करती है तथा भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में भागीदारी प्रदान करेगा. डाक कर्मियों के लिए एक व्यापक प्रक्षिशण कार्यक्रम चलाया गया है जो कि दूर-दराज के क्षेत्रों के लिए अब तक का सबसे बड़ा एवं अद्वितीय वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता अभियान है।

इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक | India Post Payments Bank

दूसरी वार्षिक रिपोर्ट

(2017-18)

सूची

अनुक्रमणिका	पृष्ठ सं.
आईपीपीबी पर एक नज़र	01
निदेशक मंडल	14
अध्यक्ष का संदेश	15
प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश	16
निदेशकों का रिपोर्ट	18
साचिविक लेखा परीक्षा रिपोर्ट	38
स्वतंत्र लेखा परीक्षक का रिपोर्ट	42
31 मार्च, 2018 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक खाते	47
CAG लेखा परीक्षक का रिपोर्ट	75
लेखा नियंत्रक एवं महा लेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ और अवलोकन	76

विज़न (परिदृष्टि)

आम आदमी के लिए सबसे सुलभ,
किफायती एवं भरोसेमंद बैंक का निर्माण करना

उद्देश्य

बैंकिंग सेवाओं को प्राप्त करने के लिए
बाधाओं को दूर करके एवं लागतों को घटाकर
वित्तीय समावेशन का विस्तार करना

प्रेरणादायी सिद्धान्त

1 दूर-दराज के इलाकों तक व्यापक वित्तीय समावेशन

भारतीय डाक की अत्यन्त व्यापक पहुंच का लाभ उठाते हुए बैंक रहित तथा सीमित बैंकिंग सुविधा पाने वाले दूर-दराज के इलाकों तक आर्थिक सेवाओं को उपलब्ध कराना

2 डाकघरों के मौजूदा ग्राहक आधार का लाभ

डाकघरों के मौजूदा ग्राहकों को हर प्रकार की अन्तर परिचालन बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना

3 डिजिटलीकरण तथा 'नकद रहित' व्यवस्था का निर्माण करना

डाक विभाग के काउन्टरों का का पूरी तरह से डिजिटलीकरण करना

4 ग्राहक केन्द्रित/सरलता का अनुभव प्रदान करना

सभी माध्यमों पर एकीकृत ग्राहक अनुभव

नई राह
एक गौरवशाली संस्थान की ओर



इंडिया पोस्ट को ''डिफ्रेन्शिएटेड'' बैंकिंग लाइसेंस प्रदान किया गया है,
जो कि इसे बैंकिंग प्रणाली के साथ एकीकृत करता है।

आईपीपीबी की सेवा के आधार

आईपीपीबी की बैंकिंग सेवाएं निम्नलिखित आधार पर आधारित होगी।

1 उपलब्धता

द्वार तक बैंकिंग सेवाओं को पहुंचाने के लिए 1.55 लाख डाकघरों (जिसमे लगभग 90% ग्रामीण भारत में) एवं 2.5 लाख डाकियों एवं ग्रामीण डाक सेवकों का नेटवर्क।

2 किफ़ायती

दूर–दराज तक वित्तीय सेवाओं को किफ़ायती तरीके से पहुंचाने के लिए अन्तर परिचालन पब्लिक टेक्नोलॉजी इंफ्रास्ट्रक्चर का इस्तेमाल करना।

3 सरल बैंकिंग

द्वार सेवा बैंकिंग एवं विशेष रूप से बनाये गये तकनीकी जैसे– क्यूआर कोड एवं सहायक यूपीआई के माध्यम से बैंक के उत्पाद एवं सेवाओं को प्रदान करना।

4 डिजिटल प्रणाली

इनके साथ लिंक

- भुगतान और निपटान प्रणालियां - NEFT, RTGS, UPI, IMPS
- भारत बिल भुगतान प्रणाली – BBPS
- सरकारी सब्सिडीज़ - PFMS, ABPS

5 वित्तीय साक्षरता

केवल खाता खोलना ही काफी नहीं है; ग्राहकों को यह भी जानकारी देनी चाहिए कि वे अपने खाते के द्वारा क्या–क्या कर सकते हैं। IPPB वित्तीय साक्षरता के माध्यम से वित्तीय समावेशन का प्रचार–प्रसार करेगा। इसके अंतर्गत ग्राहकों को जानकारी दी जाएगी कि किस प्रकार बीमा, असुरक्षित लोगों को सुरक्षा प्रदान करता है, किस प्रकार संपत्ति को बढ़ाया जा सकता है और किस प्रकार एक छोटी सी बचत भी बेहतर भविष्य बनाने में सहायक सिद्ध हो सकती है।

सरल बैंकिंग

आईपीपीबी QR कार्ड

आईपीपीबी QR कार्ड 'नकद–रहित' अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर होने में सहायक सिद्ध होगा। और इसके लिए बुनियादी संरचना निर्माण में कोई अतिरिक्त लागत भी नहीं आएगी।

आईपीपीबी QR कार्ड

वास्तविक खाता की पहचान

एक भौतिक कार्ड है
जो खाताधारक को
अलग पहचान दिलाता है।

ग्राहक/एजेन्ट के लिए सुविधाजनक

ग्राहक को खाता नंबर याद रखने की ज़रुरत नहीं पड़ती. एजेन्ट को भी मैन्युअल एंट्री नहीं करनी पड़ती (सिर्फ स्कैन करना पड़ता है)

सुरक्षित तथा निजी

बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पिन याद नहीं करना पड़ता है

कोई पूंजी खर्च नहीं

महंगा PoS इंफ्रास्ट्रक्चर बनवाना नहीं पड़ता। एजेन्ट/मर्चेन्ट एप्प के जरिए स्मार्ट फोन से ट्रांजेक्शन (लेन–देन)

सरल बैंकिंग

सहायक UPI – भारत में पहली बार

NPCI के साथ भागीदारी में एक अद्वितीय वित्तीय समावेशन की पहल

आज की चुनौती

एक वर्च्युअल पेमेन्ट एड्रेस का नामांकन तथा रचना:
UPI सुविधा का इस्तेमाल केवल वो ग्राहक कर सकते हैं
जिनके पास स्मार्टफ़ोन और डेबिट कार्ड हो

समाधान – सहायक UPI

सहजता से शुरुआत:
प्रत्येक आईपीपीबी ग्राहक को खाता खोलते समय संयोजित वर्च्युअल प्राइवेट एड्रेस (VPA) जैसे कि mobilenumber@IPPB डिफॉल्ट के रूप में जारी किया जाता है।

सहायक विप्रेषण:
ग्राहक किसी भी एजेन्ट केन्द्र पर आधार एवं बायेमेट्रिक प्रमाणीकरण का उपयोग करके किसी भी VPA को पैसे भेज सकते हैं (ग्राहक को किसी स्मार्ट फोन की आवश्यकता नहीं है)

सरलता से ट्रांजेक्शन:
ग्राहक को पैसा प्राप्त करने के लिए प्रेषक को बस VPA उपलब्ध कराना पड़ता है (स्मार्टफ़ोन की जरुरत नहीं है)

इससे UPI को ग्रामीण पिछड़े क्षेत्रों तक पहुंचने में सफलता मिलेगी और डिजिटल भुगतानों में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी।

बैंक के निर्माण में भूमिका

दिन 1
परिचालन के लिए तैयारी

शाखाएं/नियंत्रक कार्यालय

650 शाखाएं/नियंत्रक कार्यालय (लगभग प्रत्येक जिले में एक शाखा)।

एक्सेस प्वाइंट

शहरी और ग्रामीण भारत में 3,250 डाकघरों को बैंकिंग एक्सेस प्वाइंट के रुप में सक्रिय किया गया है।

काउंटर तथा द्वार सेवा बैंकिंग

शहरी तथा ग्रामीण भारत में 1600 से अधिक काउंटर सक्रिय

10000 से अधिक डाकिया/ग्रामीण डाक सेवक द्वार सेवा बैंकिंग प्रदान करने हेतु तत्पर।

दिन 1
कर्मचारी संबंधी तैयारी (भर्ती, प्रशिक्षण तथा प्रमाणीकरण)

आईपीपीबी की संख्या

आईपीपीबी में शाखाओं, अंचलों एवं कॉर्पोरेट कार्यालय में 1,900 से अधिक कर्मचारियों की भर्ती के लिए 50,000 से अधिक उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया गया।

डाक विभाग की संख्या

डाक विभाग के 1200 से अधिक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित एवं प्रमाणित किया गया।

बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने हेतु 15,000 से अधिक यूजर्स को प्रशिक्षित एवं प्रमाणित किया गया।

श्रमशक्ति प्रशिक्षण

कर्मचारियों को 800,000 घंटे का प्रशिक्षण दिया गया।।

दिन 1
तकनीकी संबंधी तैयारी

सुदृढ़ तकनीकी प्लेटफॉर्म

संकल्पना डिजाइन से लेकर कार्यान्वयन तक– विभिन्न एकीकृत प्रणाली द्वारा तीव्र शुरू से अन्त तक कोर बैंकिंग नियोजन।

तकनीकी की भागीदारी

200 से अधिक आन्तरिक/बाह्य इंटरफेस के साथ 30 से अधिक एप्लीकेशन के तकनीकी आधार पर निर्मित, विभिन्न माध्यमों पर सेवाओं को एक साथ लांच किया गया।

एक लचीली संरचना पर नियोजित

राष्ट्रीय भुगतान तथा निपटान प्रणालियों के साथ अनुपालन के लिए आईपीपीबी डेटा सेन्टर, DoP डेटा सेन्टर, आईपीपीबी कॉल सेन्टर, आईपीपीबी CPC, UIDAI, NPCI, IDRBT, NSDL के साथ एकीकृत नेटवर्क।

आईपीपीबी इको-सिस्टम

लॉन्च के समय	650 शाखाएं	3,250 PO/एक्सेस प्वाइंट	15,000 द्वार पर बैंकिंग एजेन्ट्स
पूरी तरह परिचालित	650 शाखाएं	1,55,000 PO/एक्सेस प्वाइंट (लगभग 90% ग्रामीण इलाकों में)	2.5 लाख द्वार सेवा बैंकिंग एजेन्ट्स

ग्रामीण बैंकिंग संरचना में लगभग 7 गुना वृद्धि

ग्राहक क्षेत्र तथा सेवा माध्यम

एक कदम वित्तीय समावेशन और डिजिटल अर्थ व्यवस्था की ओर

मुख्य ग्राहक क्षेत्र

आईपीपीबी के उत्पाद

जमा खाते	• बचत खाता • चालू खाता
मनी ट्रांस्फर	• सरल व सुरक्षित • तुरन्त • 24X7 सेवा उपलब्ध
प्रत्यक्ष लाभ अन्तरण	• मनरेगा • छात्रवृत्तियां • सामाजिक कल्याण लाभ तथा अन्य • सरकारी सब्सिडी
तृतीय पक्ष उत्पाद	• ऋण • बीमा • निवेश • डाकघर की बचत योजनाएं
बिल तथा उपयोगी भुगतान	• मोबाइल तथा DTH रीचार्ज • बिजली, पानी और गैस के बिल • दान तथा बीमा के प्रीमियम
उद्यम तथा व्यापारिक भुगतान	• डाक विभाग के उत्पाद • ई-कॉमर्स डिलीवरी (CoD) का डिजिटल भुगतान • छोटे व्यापारी/किराना स्टोर्स/असंगठित खुदरा • ऑफलाइन भुगतान • नकदी प्रबंधन सेवाएं

आपका बैंक, आपके द्वार

व्यक्ति केन्द्रित बैंकिंग जो पहुंच की समस्या मिटाए,
सरल बनाए और सुविधा दिलाए।



खोलिए रिश्तों का खाता

आईपीपीबी राष्ट्रव्यापी लॉन्च आयोजन, 1st सितंबर, 2018

"आज 01 सितम्बर, देश के इतिहास में एक नई और अभूतपूर्व व्यवस्था की शुरूआत होने के नाते याद किया जायेगा।"

"History will remember Sep 01, 2018 as the dawn of a new era of an unprecedented banking order"

"एकता, समानता, समावेश सेवा और विश्वास का प्रतीक यह इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक अब देश की बैंकिंग व्यवस्था को ही नहीं, बल्कि डिजिटल लेन-देन की व्यवस्था को भी विस्तार देने की ताकत रखता है।"

"IPPB, as a symbol of Unity, Equality, Inclusion and Trust not only possesses the capability to transform the banking infrastructure in India, but will also significantly enhance digital acceptance and a less-cash economy at the last mile"

- Hon'ble PM addressing the launch event

आईपीपीबी राष्ट्रव्यापी लॉन्च आयोजन, 1st सितंबर, 2018

“तकनीकी दृष्टिकोण से भी यह समर्थ और सक्षम बैंक है और इसकी तकनीक इतनी सरल है कि गांव का सामान्य व्यक्ति भी सुविधापूर्वक इसका उपयोग कर सकता है।”

“इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक का शुभारम्भ भी ऐसा ही एक साहसिक कदम है जो हमारे राष्ट्र निमार्ण के सपने को साकार करने में हमारी मदद करेगा और जिससे हमारा देश राष्ट्रों के समुदाय में अपना सही स्थान ग्रहण कर पायेगा।”

“IPPB has harnessed cutting-edge technology to deliver a simplified user experience thereby enabling even a rural citizen to conveniently use it to enjoy banking services”

“The launch of IPPB is a landmark event that will help us in our endeavor of nation building and will establish India at its rightful place amongst the nations of the world on financial inclusion”

- Hon'ble MoSC(I/C) addressing the launch event

जोड़िये नाता, खोलिये रिश्तों का खाता

इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक | India Post Payments Bank

आपका बैंक, आपके द्वार

जनसामान्य के लिये सर्वाधिक पहुँच वाला, किफायती एवं भरोसेमंद बैंक

- 3,00,000 डाकियों के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं सीधे घर तक
- 1,55,000 डाकघरों द्वारा देश के हर कोने में पहुँच
- 650 शाखाएं (प्रत्येक जिले में एक)
- 3250 सेवा केंद्र
- 13 भाषाओं में बैंकिंग सेवाएं

देश की सेवा में समर्पित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा
इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक की 650 शाखाओं एवं 3250 सेवा केंद्रों का एक साथ शुभारंभ

स्थान
तालकटोरा स्टेडियम, नई दिल्ली

दिनांक
1 सितंबर, 2018, दोपहर 3.15 बजे

"पोस्टल विभाग का बैंकिंग सेक्टर के लिए उपयोग सिर्फ एक नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि इससे गरीब को गरीबी के खिलाफ लड़ने के लिए बहुत बड़ी ताकत मिलने वाली है। साथ ही, सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ बैंक खातों में जाएगा तो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में यह एक बहुत बड़ा उपयोगी शस्त्र बनने वाला है।"

– नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

निदेशक मंडल

श्री ए. एन, नंद
अध्यक्ष आईपीपीबी

श्री अंशुमान शर्मा
नामित निदेशक

श्री गौरी शंकर
स्वतंत्र निदेशक

डॉ. के. जी. कर्माकर
स्वतंत्र निदेशक

श्रीमती सुषमा नाथ
स्वतंत्र निदेशक

श्री विष्णु आर. दुसाद
स्वतंत्र निदेशक

श्री पी. सतीश
स्वतंत्र निदेशक

श्री संजय प्रसाद
नामित निदेशक

श्री टी. क्यू मोहम्मद
नामित निदेशक

श्री सुरेश सेठी
प्रबंध निदेशक व सीईओ

पंजीकृत कार्यालय:
स्पीड पोस्ट सेन्टर बिल्डिंग, भाई वीर सिंह मार्ग, नई दिल्ली 110 001

कंपनी सचिव: श्रीमती प्रियंका भटनागर

सांविधिक लेखा परीक्षक: वी. के. सहगल एंड एसोशिएट्स

साचिविक लेखा परीक्षक: साधना शर्मा एंड एसोशिएट्स

श्री ए. एन. नंद

अध्यक्ष का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

डाक विभाग, लगभग 1.55 लाख डाकघरों और 3 लाख डाक कर्मचारियों वाले अपने विशाल नेटवर्क के साथ, डाकघर बचत बैंक के माध्यम से देश के प्रत्येक जिले, शहर और गांव में वित्तीय सेवाएं प्रदान करने में अग्रणी रहा है।

डाक विभाग का, अपने विश्वसनीय नेटवर्क का उपयोग करते हुए समस्त प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का लक्ष्य है ताकि देश के कोने–कोने में रहने वाले व्यक्तियों को वित्तीय समावेशन के दायरे में लाया जा सके। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना से डाक विभाग का यह स्वप्न साकार होता है।

पोस्टमैन के उन लोगों के साथ सदैव विश्वसनीय संबंध रहे हैं, जिन्हें वह सेवा प्रदान करता है। लोगों के लिए पोस्टमैन एक मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक है। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक की स्थापना के साथ पोस्टमैन, अब एक विश्वसनीय वित्तीय सलाहकार की भूमिका विभाएगा। साथ ही, वह यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि ग्राहकों को उनकी धनराशि यथाशीघ्र प्राप्त हो रही है, ग्राहक अपनी जरुरतों के लिए इस धनराशि को सहज रूप से प्रयोग कर पा रहे हैं तथा अपने सुनहरे भविष्य के लिए बचत कर, निवेश भी कर रहे हैं।

आईपीपीबी की विशेषताओं में, भुगतान और बैंकिंग संबंधी नवीनतम प्रौद्योगिकी, प्रयोक्तानुकूल इंटरफेस, डाकघरों का विश्वसनीय नेटवर्क तथा स्थानीय लोगों के साथ अच्छे संपर्क रखने वाला समर्पित स्टाफ शामिल है। स्केल, पहुंच, सुदृढ़ और विश्वसनीय ब्रांड तथा प्रौद्योगिकी नव प्रवर्तन का यह अनूठा संयोजन, आईपीपीबी– डाक विभाग के लिए प्रतिस्पर्धा में लाभप्रद रहेगा।

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक का यह विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का विकास तभी हो सकता है, जब देश के प्रत्येक नागरिक के पास सफलता प्राप्त करने के अवसर हों, चाहे उसकी जीवन शैली जैसी भी हो। सरल, विविध तथा विकासोन्मुखी उत्पादों के साथ आईपीपीबी, प्रत्येक भारतीय को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।

मुझे इस बात का हर्ष है कि इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से देश में वित्तीय समावेशन के भविष्य को नया रूप देने की संभावना को बल मिलेगा।

धन्यवाद,

अनंत नारायण नन्द
अध्यक्ष

श्री सुरेश सेठी

प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

प्रिय शेयरधारकों,

बैंक के लिए यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है और इस वर्ष के दौरान की गई प्रगति को आपके साथ साझा करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। वित्तीय समावेशन कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु सामान्य जनता के लिए सर्वाधिक सुलभ, किफायती एवं विश्वसनीय बैंक बनाने का हमारा सपना अन्ततः साकार हुआ है। ग्रामीण भारत में आपके विश्वसनीय डाकिया को एक वित्तीय सेवा प्रदाता की भूमिका प्रदान करके हमने बैंक रहित एवं कम बैंकों वाले क्षेत्रों में आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने के लिए एक अभियान प्रारम्भ किया है। परम्परागत बैंकों ने बैंकिंग प्रतिनिधि मॉडल का उपयोग करते हुए शाखाओं के बाहर भी बैंकिंग सुविधा प्रदान कर रहे हैं। परंतु ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने हेतु इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक के साथ डाकिया उपस्थित है, जो सर्वाधिक प्रतिष्ठित और विश्वसनीय डाक विभाग का संस्थागत प्रतिनिधि है और हमें विश्वास है कि लोगों को औपचारिक वित्तीय अर्थव्यवस्था में लाने हेतु हमारा यह प्रयास हमें सबसे अलग पहचान देता है।

केवल मात्र खाता खोलना ही पर्याप्त नहीं है, हमारे ग्राहकों को यह जानने की आवश्यकता है कि किस प्रकार इसका लाभ उनकी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने तथा सपनों को साकार करने में सहायता कर सकता है। इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक वित्तीय साक्षरता के माध्यम से वित्तीय समावेशन का प्रचार-प्रसार करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे लिए यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि हम अपने

> "हमारे लिए प्रत्येक ग्राहक महत्त्वपूर्ण है, हर लेन-देन अहमियत रखता है और प्रत्येक जमा राशि मूल्यवान है, चाहे वो कुछ भी हो"

ग्राहकों को यह समझाएं कि धन से धन का सृजन होता है, बीमा हमें अनचाहे घटना से बचने हेतु सुरक्षा कवच प्रदान करती है तथा बेहतर भविष्य हेतु आज किया गया लघु निवेश भी कुछ वर्षों बाद काफी लाभ प्रदान कर सकता है। ग्राहकों को यही बातें समझाकर हम अपने ग्राहक–आधार का विस्तार कर पाएंगे।

डाक विभाग डाकघर बचत बैंक के माध्यम से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए सदैव अग्रणी संस्था रही है। आईपीपीबी ने एक सुदृढ़ एकीकृत मॉडल विकसित किया है, जिसके अंतर्गत डाकघर बचत खाता खाताधारक अपने खातों को आईपीपीबी खाता से जोड़कर बैंकिंग प्रणाली द्वारा प्रदान की जा रही अतिरिक्त सेवाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इससे डाकघर बचत खाता धारक डाकघर काउंटर के अतिरिक्त अन्य माध्यमों से अनेक बैंकिंग सुविधाएं प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें द्वार बैंकिंग सेवाएं, मोबाइल बैंकिंग ऐप के द्वारा स्वयं सेवा, एसएमएस बैंकिंग, आईवीआर बैंकिंग इत्यादि सम्मिलित हैं।

आईपीपीबी की ये परिवर्तनकारी सेवाएं तकनीक के आसान उपयोग एवं नवोन्मेष का परिणाम हैं। इस कारण से ही आईपीपीबी दूर–दराज के क्षेत्रों तक वित्तीय समावेशन से संबंधित मुख्य चुनौतियों, उदाहरण के तौर पर सुलभ एवं किफायती सेवा, डिजिटल अनुकूलन, वित्तीय साक्षरता एवं जागरुकता तथा सुरक्षित लेन–देन का सामना करने में पूर्णतया सक्षम है।

चालू वित्तीय वर्ष के दौरान आईपीपीबी सुदृढ़ एवं विश्वसनीय डाक नेटवर्क के माध्यम से सम्पूर्ण देश में बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस संबंध में मुझे यह सूचित करने में प्रसन्नता हो रही है कि आईपीपीबी की प्रमाणित प्रणाली तथा परिचालन क्षमता के आधार पर 1.55 लाख डाकघरों को बैंकिंग सेवा प्रदान करने हेतु एक्सेस प्वाइंटों के रूप में सबसे विस्तृत अनुमोदन प्रदान किया गया है।

माननीय प्रधानमंत्री महोदय द्वारा दिनांक 01 सितम्बर, 2018 को राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक का शुभारंभ लगभग 20 लाख से अधिक स्रोताओं की उपस्थिति में किया गया।

हमारा तात्कालिक उद्देश्य सम्पूर्ण 1.55 लाख डाकघरों एवं 3 लाख से अधिक डाक कर्मचारियों के माध्यम से देश के प्रत्येक जिलों, कस्बों तथा गांवों में द्वार पर सेवाएं प्रदान करना है। सही अर्थ में यही है **आपका बैंक, आपके द्वार।**

आभार

कंपनी के निदेशक मंडल की ओर से, मैं अपने सभी सम्मानित शेयर धारकों का सदैव सहयोग एवं विश्वास के लिए सहृदय आभार व्यक्त करता हूँ। आपका विश्वास हमारे सभी कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और जन सामान्य एवं राष्ट्र के लिए निरंतर जनोपयोगी सेवाएं प्रदान करने हेतु प्रेरित करता है। मैं डाक विभाग, संचार मंत्रालय, भारत सरकार के निरंतर सहयोग एवं बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट करता हूँ।

धन्यवाद,

सुरेश सेठी
प्रबंध निदेशक एवं
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

निदेशकों का रिपोर्ट

सेवा में,

सदस्यगण,

आपके निदेशकों को लेखा परीक्षकों के रिपोर्ट और इस पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की समीक्षा के साथ 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के साथ कंपनी का द्वितिय वार्षिक प्रतिवेदन (आईपीपीबी) प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय परिणाम :

पिछले वर्ष के आंकड़ों के साथ समीक्षाधीन वर्ष के लिए कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन यहाँ दिया गया है :

राशि रुपये में

	समाप्त वित्तीय वर्ष	**समाप्त वित्तीय वर्ष**
	31 मार्च, 2018	**31 मार्च, 2017**
कुल आगम	39,80,53,249	44,98,40,286
कुल व्यय	38,78,28,643	42,76,22,678
विनियोजन के लिए उपलब्ध लाभ	**(97,53,705)**	**2,22,17,608**
आरक्षित को अन्तरित (निवल)		
– सांविधिक आरक्षित		55,54,402
तुलन पत्र में उपलब्ध शेष राशि	**69,09,501**	**2,22,17,608**
अर्जन प्रति शेयर (मौलिक)	(0.03)	0.16
अर्जन प्रति शेयर (मन्दित)	(0.03)	0.16
भारत सरकार की शेयरधारिता (%)	100%	100%

प्रदर्शन की मुख्य विशेषताएँ और संक्षिप्त विवरण

इस अवधि के दौरान, कंपनी ने रु. 39,80,53,249 का कुल आय और रु. 38,78,28,643 का कुल व्यय अंकित किया है। वर्ष के दौरान कुल हानि रु. 97,53,705 है. पिछले वर्ष कंपनी को रु. 2,22,17,608 का लाभ प्राप्त हुआ था।

सार्वजनिक जमा

(रू. 000 में)

विवरण	31.03.2018	31.03.2017
बीस सबसे बड़े जमाकर्ताओं की कुल जमा	1828	1272
बैंक की कुल जमाओं में बीस सबसे बड़े जमाकर्ताओं की जमाओं का अनुपात	15.18%	53.67%

लाभाँश

कंपनी के निदेशक मंडल ने वर्ष के दौरान कोई लाभांश नहीं घोषित किया था।

मानव संसाधन और विकास

प्रतिभा की उपलब्धता बैंक के लिए सरकार द्वारा निर्धारित असाधारण चुनौतियाँ प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बैंक अपनी श्रमशक्ति की आवश्यकता पूरा करने के लिए विभिन्न कर्मचारी भर्ती विधियों का उपयोग करता है। कार्यात्मक विशेषज्ञों को पीएसबी से प्रतिनियुक्त किया जाता है। मध्य प्रबंधन में विभिन्न पदों को प्रतियोगी परीक्षा और साक्षात्कार से भरा जाता है। विशेषज्ञ और विशिष्ट पदों की भी अनुबंध पदों पर भर्ती की जाती है। आईपीपीबी ने विभिन्न क्षमताओं वाले पीएसबी से सेवानिवृत्त महाप्रबंधकों को भी आईपीपीबी प्रबंधकीय संवर्ग का मार्गदर्शन करने और तैयार करने के लिए उनके अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए नियोजित किया है।

प्रशिक्षण

- कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यरत मध्यम प्रबंधन स्तर पर भर्ती हुए विभिन्न कर्मचारियों की वर्तमान तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों जैसे – भुगतान प्रणाली, एएमएल/केवाईसी, सीवीसी दिशा–निर्देश, आईएमपीएस/यूपीआई, परिचालन, जोखिम प्रबंधन इत्यादि विषयों को प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया।
- व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए कर्मचारियों को विभिन्न विषयों जैसे – महिला नेतृत्व विकास एवं बैक के कर्मचारियों के प्रदर्शन और कल्याण को संवर्धित करने हेतु नेतृत्व, न्याय, सहायता और आध्यात्मिकता जैसे कार्यक्रमों के लिए मनोनीत किये गये।
- बैंक ने अपने कर्मचारियों एवं 3,00,000 कारोबारी प्रतिनिधियों के ई–लर्निंग को प्रोत्साहित करने के लिए स्व–अधिगम पोर्टल लांच किया।
- बैंक में भर्ती हुए स्केल I, II, III के सभी फील्ड कर्मचारियों एवं डाक विभाग से प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त कर्मचारियों के लिए आईआईसीए में 6 दिनों का विस्तृत प्रेरणा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- डाक विभाग के लगभग 4,000 मास्टर प्रशिक्षकों के लिए डाक प्रशिक्षण केंद्रो पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो आगे 3,00,000 अंतिम यूजरों को आईपीपीबी एवं इसके उत्पाद के बारे में जागरुक बनायेंगे तथा कारोबारी प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने हेतु प्रशिक्षित करेंगे।

निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

निदेशकगण सदस्यों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि समीक्षाधीन वर्ष के लिए वित्तीय विवरण अपनी संपूर्णता में कंपनी अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।

निदेशकों द्वारा पुष्टि की जाती है कि:

- वार्षिक लेखे को लागू लेखांकन मानकों के अनुरूप तैयार किया गया है।
- सुसंगत आधार पर चयनित और लागू की गई लेखांकन नीतियाँ, कंपनी के मामलों और वित्तीय वर्ष के लाभ के संबंध में सही और निष्पक्ष दृष्टि देती हैं।
- कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा करने के लिए; और धोखाधड़ी और अन्य अनियमितताओं की रोकथाम और पहचान के लिए पर्याप्त सावधानी बरती गई है।
- वार्षिक लेखे को कार्यशील संस्था के आधार तैयार किया गया है।
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विरचित प्रणाली पर्याप्त थी और प्रभावी ढंग से परिचालनरत थीं।

सांविधिक लेखा परीक्षक

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक, मैसर्स. वी.के. सहगल एंड एसोसिएट्स कं, चार्टर्ड अकाउंटेन्ट (एफआरएन – 011519एन)

को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 139 के संदर्भ में भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (भारत के सीएजी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए आपकी कंपनी का सांविधिक लेखा परीक्षक नियुक्त किया गया था। सांविधिक लेखा परीक्षक ने 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है।

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 139 के अनुसार, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक ने पत्र दिनाँकित 14 सितंबर, 2018 के माध्यम से मैसर्स वी.के. सहगल एंड एसोसिएट्स कं, चार्टर्ड अकाउंटेन्ट (एफआरएन – 011519एन) को वित्त वर्ष 2018-19 के लिए कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक/शाखा लेखा परीक्षक के रूप में पुन: नियुक्त किया है। आपके निदेशकों द्वारा लेखा परीक्षा समिति द्वारा अनुशंसित शर्तों पर उनकी नियुक्ति की अनुशंसा की जाती है। कंपनी को इस प्रभाव के लिए आवश्यक प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है कि आगामी एजीएम में उनकी पुर्ननियुक्ति, यदि की जाती है, तो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 141(3) (जी) के अनुसार होगी. वार्षिक रिपोर्ट में संदर्भित वित्तीय विवरणों पर नोट स्व–स्पष्टीकारी हैं और आगे किसी और टिप्पणी की आवश्यकता नहीं है।

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों का रिपोर्ट

31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय विवरणों पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट और उस पर प्रबंधन का उत्तर और कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(बी) के अंतर्गत 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की टिप्पणियाँ उस पर प्रबंधन के उत्तरों के साथ बोर्ड के रिपोर्ट के साथ संलग्न हैं।

साचिविक लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 के प्रावधानों और कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिक की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के अनुसार, कंपनी ने कंपनी की साचिविक लेखापरीक्षा करने के लिए मैसर्स साधना शर्मा एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, नई दिल्ली को नियुक्त किया है। कंपनी का. 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए साचिविक लेखापरीक्षा का प्रतिवेदन, प्रतिवेदन में अनुलग्नक डी के रूप में संलग्न है. साचिविक लेखा परीक्षक द्वारा अपने रिपोर्ट में कोई योग्यता, आरक्षण या प्रतिकूल टिप्पणियाँ नहीं की गई हैं।

ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा अर्जन और निर्गम

जैसा कि कंपनियाँ (लेखा) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम 2013 द्वारा अपेक्षित है, ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी अवशोषण और विदेशी मुद्रा अर्जन और निर्गम से संबंधित प्रासंगिक आंकड़े निर्धारित प्रारूप में दिए गए हैं और इस रिपोर्ट में अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व

कंपनी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति को 19 जनवरी, 2107 को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया था। सीएसआर प्रावधान अभी तक कंपनी पर लागू नहीं हैं।

निदेशक मंडल

बैंक का निदेशक मंडल व्यापक आधार वाला है और इसका गठन कंपनी अधिनियम 2013 और बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 के प्रावधानों द्वारा शासित है। बोर्ड प्रत्यक्ष रूप से और साथ ही बैंक के महत्वपूर्ण कार्यात्मक क्षेत्रों में केंद्रित प्रशासन प्रदान करने के लिए गठित विभिन्न बोर्ड समितियों के माध्यम से कार्य करता है।

आपस में निदेशकों के बीच संबंध

आपके बैंक के बोर्ड में कोई भी निदेशक किसी भी ढंग से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी अन्य निदेशक से संबंधित नहीं है।

बोर्ड की बैठकों के लिए निर्दिष्ट संख्या

बोर्ड की बैठकों के लिए सदस्यों की निर्दिष्ट संख्या, कुल संख्या का एक–तिहाई या दो निदेशक, जो भी अधिक हो, जिसमें से एक निदेशक केन्द्र सरकार द्वारा नामित व्यक्ति होगा।

31 मार्च 2018 को कंपनी का निदेशक मंडल :

अनु. क्र.	निदेशकों के नाम	पदनाम	प्रभाव के साथ अधिभोग की अवधि
1	अनंत नारायण नंद	अध्यक्ष व निदेशक	25/05/2017
2	अंशुमान शर्मा	निदेशक	17/08/2016
3	माधुमिता जी. दास	निदेशक	17/08/2016
4	सुरेश सेठी	एमडी व सीईओ	27/10/2017
5	कृष्णा गोपाल कर्माकर	स्वतंत्र निदेशक	28/06/2017
6	गौरी शंकर	स्वतंत्र निदेशक	28/06/2017
7	प्रमोद कुमार दास	स्वतंत्र निदेशक	01/12/2017
8	विष्णु रामप्रताप दुसाद	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018
9	पिल्लारीसेट्टी सतीश	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018
10	सुषमा नाथ	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018

निम्नलिखित व्यक्तियों को वर्ष के दौरान/अंतिम एजीएम की तिथि से रिपोर्ट तिथि तक निदेशक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक (केएमपी) नियुक्त किया गया था :

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	पदनाम	प्रभाव के साथ अधिभोग की अवधि
1	अनंत नारायण नंद	अध्यक्ष व निदेशक	25/05/2017
2	सुरेश सेठी	एमडी व सीईओ	27/10/2017
3	कृष्णा गोपाल कर्माकर	स्वतंत्र निदेशक	28/06/2017
4	गौरी शंकर	स्वतंत्र निदेशक	28/06/2017
5	प्रमोद कुमार दास	नामंकित निदेशक	01/12/2017
6	विष्णु रामप्रताप दुसाद	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018
7	पिल्लारीसेट्टी सतीश	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018
8	सुषमा नाथ	स्वतंत्र निदेशक	30/01/2018
9	माधुमिता जी. दास	निदेशक	17/08/2016
10	अंशुमान शर्मा	निदेशक	17/08/2016

निम्नलिखित व्यक्ति रिपोर्ट वर्ष के दौरान/अंतिम एजीएम की तिथि से आज की तिथि तक निदेशक/(केएमपी) नहीं हैं:

क्र.सं.	निदेशकों के नाम	पदनाम	नियुक्ति की तिथि	त्यागपत्र की तिथि

1	बी.वी. सुधाकर	अध्यक्ष व निदेशक	01.09.2016	28.04.2017
2	ए.पी. सिंह	एमडी व सीईओ	27.01.2017	24.10.2017
3	संदीप दवे	नामंकित निदेशक	05.01.2017	21.07.2017

रिपोर्ट अवधि के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार निम्नलिखित व्यक्तियों को केएमपी के रूप में नामांकित किया गया था :

क्र.सं.	व्यक्ति का नाम	पदनाम	प्रभाव के साथ अधिभोग की अवधि
1	सविता गुप्ता	मुख्य वित्तीय अधिकारी	01/03/2017
2	प्रियंका भटनागर	कंपनी सचिव	16/01/2017

बोर्ड की बैठकें

वर्ष 2017-18 के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल की निम्न 11 बैठक आयोजित हुई:

बोर्ड की 9वीं बैठक 25 मई, 2017	बोर्ड की 10वीं बैठक 28 जून, 2017	बोर्ड की 11वीं बैठक 17 जुलाई 2017	बोर्ड की 12वीं बैठक 13 सितंबर, 2017
बोर्ड की 13वीं बैठक 4 अक्टूबर 2017	बोर्ड की 14वीं बैठक 12 अक्टूबर, 2017	बोर्ड की 15वीं बैठक 25 अक्टूबर 2017	बोर्ड की 16वीं बैठक 1 दिसंबर, 2017
बोर्ड की 17वीं बैठक 3 जनवरी, 2018	बोर्ड की 18वीं बैठक 20 फरवरी, 2018	बोर्ड की 19वीं बैठक 26 मार्च, 2018	

बोर्ड की बैठक में निदेशकों की उपस्थिति

निदेशक का नाम	आपके बैंक की बोर्ड की बैठक में उपस्थिति (आयोजित बैठकों की कुल संख्या – 11)
अनंत नारायण नंद	11 में से 11
सुरेश सेठी	4 में से 4
कृष्णा गोपाल कर्माकर	10 में से 10
गौरी शंकर	10 में से 9
प्रमोद कुमार दास	3 में से 3
विष्णु रामप्रताप दुसाद	3 में से 2
पिल्लारीसेट्टी सतीश	3 में से 3
सुषमा नाथ	3 में से 3
माधुमिता जी. दास	11 में से 11

अंशुमान शर्मा	11 में से 6

समितियाँ

बैंक के निदेशक मंडल ने कॉर्पोरेट प्रशासन और जोखिम प्रबंधन पर भारतीय रिजर्व बैंक/सेबी/भारत सरकार के दिशानिर्देशों के संदर्भ में रणनीतिक महत्व के विभिन्न क्षेत्रों का अनुसंधान करने के लिए निदेशकों और/या अधिकारियों की विभिन्न उप–समितियों का गठन किया है. महत्वपूर्ण समितियाँ निम्नानुसार हैं :

1) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति (एसीबी)
2) नामांकन और पारिश्रमिक समिति
3) जोखिम प्रबंधन समिति
4) ग्राहक सेवा समिति
5) हितधारक संबंध समिति
6) भर्ती सलाहकार समिति

भर्ती सलाहकार समिति का गठन 01 दिसंबर, 2017 को किया गया तथा अन्य सभी समितियों का गठन दिनांक 28 जून 2017 को किया गया।

लेखा परीक्षा समिति

कंपनी की लेखा परीक्षा समिति का गठन दिनांक 28 जून, 2017 को किया गया था। इसमें दो स्वतंत्र निदेशक, एक नामित निदेशक तथा स्थायी विशेष आमंत्रिति के रूप में एमडी और सीईओ के साथ शामिल हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान लेखापरीक्षा समिति की निम्न चार (04) बैठकें आयोजित हुई।

प्रथम लेखापरीक्षा समिति	द्वितीय लेखापरीक्षा समिति	तृतीय लेखापरीक्षा समिति	चतुर्थ लेखापरीक्षा समिति
13 सितंबर, 2017	04 अक्टूबर, 2017	01 दिसंबर 2017	20 फरवरी, 2018

लेखापरीक्षा समिति के संदर्भ की शर्तें कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 177 के अनुसार हैं। तथ्यों के साथ कार्यों की कुछ सूची निम्न है :

1. कंपनी के लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक के लिए सिफारिशें;
2. लेखा परीक्षकों की स्वतंत्रता और प्रदर्शन, और लेखा परीक्षा प्रक्रिया की प्रभावशीलता की समीक्षा और निगरानी;
3. वित्तीय विवरणों और उस पर लेखा परीक्षक के रिपोर्ट का परीक्षण;
4. संबंधित पक्षों के साथ कंपनी के लेनदेन की मँजूरी या कोई संशोधन;
5. अंतर–कॉर्पोरेट ऋणों और निवेशों की संवीक्षा;
6. जहाँ भी आवश्यक माना जाए, कंपनी के उपक्रमों या परिसंपत्तियों का मूल्याँकन;
7. आंतरिक वित्तीय नियंत्रण और जोखिम प्रबंधन प्रणाली का मूल्यांकन;
8. सार्वजनिक प्रस्तावों के माध्यम से जुटाए गए धन के अंतिम उपयोग और संबंधित मामलों की निगरानी।
9. कोई अन्य उत्तरदायित्व जैसा कि समय–समय पर बोर्ड द्वारा समानुदेशित किया जा सकता है।

निगरानी प्रणाली

कंपनी में व्हिस्ल ब्लोअर नीति के अनुरुप में निगरानी प्रणाली विद्यमान है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को शिकायतें उठाने और की गई किसी भी कार्रवाई पर प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए मार्ग प्रदान करना है और कर्मचारियों को आश्वस्त करना है कि अत्याचार के विरूद्ध और सद्विश्वास से उनके द्वारा किए गए किसी भी व्हिस्ल ब्लोइंग के लिए उनकी सुरक्षा की जाएगी। इस नीति का उद्देश्य कंपनी के कर्मचारियों को किसी समस्या को नजरअंदाज करने या उसे बाहरी रूप से संभालने के बजाय संगठन के भीतर गंभीर चिंताओं को उठाने के लिए

प्रोत्साहित करना है।

कंपनी उदारता, ईमानदारी और उत्तरदायित्व के उच्चतम संभव मानकों के प्रति प्रतिबद्ध है. इसमें सद्विश्वास से कोई भी चिंता उठाकर निगरानी प्रणाली का उपयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति की रक्षा करने के लिए रक्षोपाय शामिल है। कंपनी व्हिस्ल ब्लोअर की पहचान गोपनीय रखती है, यदि व्हिस्ल ब्लोअर की ऐसी इच्छा होती है। हालांकि व्हिस्ल ब्लोअर को अनुशासनात्मक सुनवाई या कार्यवाही में भाग लेने की आवश्यकता होती है जैसा कि शिकायत की जाँच के लिए आवश्यक हो सकता है। यह तंत्र विस्तृत शिकायत और जाँच प्रक्रिया प्रदान करता है।

परिस्थितियों के अनुसार कर्मचारी द्वारा सीधे लेखा परीक्षा समिति के अध्यक्ष से शिकायत की जा सकती है। कंपनी अपने कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक तक सीधी पहुँच रखने के लिए मंच भी प्रदान करती है। उल्लंघनों की सूचना देने वाले लोगों की गोपनीयता बनाए रखी जाती है और उनके साथ कोई भेदभावपूर्ण व्यवहार नहीं किया जाता है।

जोखिम प्रबंधन समिति

कंपनी की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन 28 जून, 2017 को किया गया था और इसमें दो स्वतंत्र निदेशक, एक नामित निदेशक, एमडी और सीईओ एवं विशेष आमंत्रिति के रूप में अग्रणी जोखिम और अनुपालन अधिकारी सम्मिलित हैं. कंपनी ने विधिवत जोखिम प्रबंधन नीति का कार्यान्वयन किया है। वर्ष 2017-18 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की एक (01) बैठक आयोजित हुई।

प्रथम आरएमसी 20 फरवरी, 2018

नामांकन और पारिश्रमिक समिति

कंपनी की नामांकन और पारिश्रमिक समिति का गठन 28 जून, 2017 को किया गया था और इसमें दो स्वतंत्र निदेशक और एक नामित निदेशक सम्मिलित है. वर्ष 2017-18 के दौरान नामांकन और पारिश्रमिक समिति की एक (01) बैठक हुई थी।

प्रथम एनआरसी 12 दिसंबर, 2017

ग्राहक सेवा समिति

कंपनी की ग्राहक सेवा समिति का गठन 28 जून, 2017 को किया गया था और इसमें दो स्वतंत्र निदेशक, एक नामित निदेशक, एमडी और सीईओ एवं विशेष आमंत्रिति के रूप में प्रमुख ग्राहक सेवा अधिकारी सम्मिलित है। वर्ष 2017-18 के दौरान जोखिम प्रबंधन समिति की दो (02) बैठकें हुई थीं।

प्रथम सीआरस 03 अक्तूबर, 2017	द्वितीय सीआरस 26 मार्च, 2018

भर्ती सलाहकार समिति

01 दिसंबर, 2017 को कंपनी की भर्ती सलाहकार समिति का गठन किया गया था और इसमें दो स्वतंत्र निदेशक, एक नामित निदेशक, एमडी और सीईओ एवं विशेष आमंत्रिति के रूप में मुख्य मानव संसाधन अधिकारी सम्मिलित है। वर्ष 2017-18 के दौरान भर्ती सलाहकार

समिति की दो (02) बैठकें आयोजित हुई।

प्रथम आरएसी	द्वितीय आरएसी
03 दिसंबर, 2017	07 फरवरी, 2018

हितधारक संबंध समिति

कंपनी की हितधारक संबंध समिति का गठन 28 जून, 2017 को किया गया था और इसमें एक स्वतंत्र निदेशक, एक नामित निदेशक और प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान समिती की कोई बैठक आयोजित नहीं हुई।

स्वतंत्र निदेशकों की घोषणा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149(7) के अनुसार कंपनी को प्रत्येक स्वतंत्र निदेशक से आवश्यक घोषणा प्राप्त हुई है, कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 के उपधारा (6) में यथा निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडो को पूरा करते है, और बोर्ड की राय में वे अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में उल्लेखित शर्तों को पूरा करते हैं और प्रबंधन से स्वतंत्र हैं।

कर्मचारियों के पारिश्रमिक के सम्बन्ध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के साथ कंपनी (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) के नियम 5(2) के अन्तर्गत सूचना:-

सरकारी कंपनी होने के नाते आईपीपीबी पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधान और प्रासंगिक नियम भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनाँकित 05.06.2015 के आलोक में लागू नहीं होंगे। कार्यात्मक निदेशकों की नियुक्ति के नियम और शर्तें भारत सरकार द्वारा किये जाते हैं। आईपीपीबी के कंपनी सचिव व केएमपी का वेतन, की नियुक्ति के नियम और शर्तें, कंपनी द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप हैं।

बोर्ड द्वारा किए गए अपने स्वयं के प्रदर्शन, अपनी समितियों और अलग-अलग निदेशकों के प्रदर्शन के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत धारा 134(3)(पी) के अंतर्गत विवरण

सरकारी कंपनी होने के नाते आईपीपीबी पर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(3)(पी) के प्रावधान और प्रासंगिक नियम भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना दिनाँकित 05.06.2015 के आलोक में लागू नहीं होंगे।

संबंधित पक्ष लेनदेन

वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा किया गया कोई भी संबंधित पक्ष अनुबंध, व्यवस्था या लेन-देन नहीं हैं और इसलिए फॉर्म एओसी 2 में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 188 की उपधारा (1) में संदर्भित पक्षों के साथ कंपनी द्वारा किए गए अनुबंधों/व्यवस्थाओं के विवरणों का प्रकटीकरण नहीं है।

होल्डिंग और सहायक कंपनी

कोई होल्डिंग या सहायक कंपनी नहीं है।

कंपनी की प्राधिकृत और चुकता शेयर पूँजी में परिवर्तन

(I) प्राधिकृत पूँजी : रु. 10/- के 1,00,00,00,000 इक्विटी अंश

(II) चुकता पूँजी: रु. 10/- के 27,50,00,000 इक्विटी अंश

इक्विटी शेयरों का अधिकार

कंपनी ने शेयरधारकों की वर्तमान शेयरधारिता के अनुपात में वर्तमान शेयरधारक, डाक सचिव के माध्यम से भारत के राष्ट्रपति को 15,00,00,000 इक्विटी शेयरों का राइट इश्यू किया है।

वार्षिक विवरण का उद्धरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 की उपधारा (3) के अनुसार, 31 मार्च, 2018 को फॉर्म एमजीटी 9 में वार्षिक विवरण का उद्धरण जो इस रिपोर्ट का भाग है और इस रिपोर्ट के अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत ऋणों, गारंटियों या किए गए निवेश का विवरण

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के अंतर्गत निर्दिष्ट सीमा से अधिक ऋण, गारंटी या कंपनी द्वारा कोई निवेश नहीं किया गया था और इसलिए, उक्त प्रावधान लागू नहीं होता है।

कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण परिवर्तन और प्रतिबद्धताएँ

इस रिपोर्ट की अवधि के दौरान कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाला कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है और प्रतिबद्धताएँ नहीं हैं।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

आपकी कंपनी ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के अंतर्गत प्राप्त अनुरोधों से निपटने के लिए पूरे संगठन में विस्तृत तंत्र स्थापित किया है। सूचना प्राप्त करने में नागरिकों की सहायता और सुविधा के लिए, जानकारी तक पहुँच प्राप्त करने और अधिनियम के अंतर्गत पहली अपील दाखिल करने की प्रक्रिया समझाते हुए, आईपीपीबी की वेबसाइट पर विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं. अधिनियम की धारा 4 (1) (बी) के अनुरूप आईपीपीबी की वेबसाइट पर विभिन्न श्रेणियों की सूचना उपलब्ध करते हुए सक्रिय प्रतिक्रियाएँ दी गई हैं, ताकि नागरिकों को सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से अधिनियम का कम से कम सहारा लेने की आवश्यकता हो।

राजभाषा (आधिकारिक भाषा)

आपकी कंपनी आधिकारिक भाषा (राजभाषा हिंदी) को प्रचारित-प्रसारित और प्रोत्साहित करने का संगठित प्रयास कर रही है। भारत सरकार की आधिकारिक भाषा नीति/अधिनियम/नियम/आदेश का अनुपालन करते हुए, आधिकारिक कार्यों में हिंदी का उपयोग बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। वर्ष के दौरान इस संबंध में उठाए गए कुछ महत्वपूर्ण कदम: दिन-प्रतिदिन के आधिकारिक पत्राचार में हिंदी के उपयोग में वृद्धि करने के लिए कंपनी में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया ताकि लेखन में सरल और बोलचाल के शब्दों का उपयोग किया जाए। कंपनी हिंदी में भी अपनी वेबसाइट लॉन्च करने की प्रक्रिया में है।

आंतरिक वित्तिय नियंत्रणों की पर्याप्तता के संबंध में कंपनी (लेखा) नियम, 2014 की धारा 8(5)(viii) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134 (3) (क्यू) के अंतर्गत जानकारी

कंपनी की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली को परिचालन दक्षता, संसाधनों की सुरक्षा और संरक्षण, वित्तीय रिपोर्ट की सटीकता और तत्परता और कानूनों और विनियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है. आंतरिक नियंत्रण प्रणाली कंपनी के आंतरिक नियंत्रणों की पर्याप्तता और प्रभावकारिता की समीक्षा करने के लिए आंतरिक लेखा परीक्षा प्रक्रिया द्वारा समर्थित है, जिसमें

इसकी प्रणाली और प्रक्रियाएँ और नियमों और प्रक्रियाओं का अनुपालन शामिल है. प्रबंधन के साथ आंतरिक लेखापरीक्षा रिपोर्ट पर चर्चा की जाती है।

निदेशक द्वारा सांविधिक प्रकटीकरण :

आपकी कंपनी का कोई भी निदेशक कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 के प्रावधानों के अनुसार अनर्ह नहीं है। आपके निदेशकों ने कंपनी अधिनियम, 2013 के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत यथा आवश्यक, प्रकटीकरण किए हैं।

जोखिम प्रबंधन

कंपनी की जोखिम प्रबंधन नीति है जिसका लक्ष्य जोखिम और प्रतिफल के बीच संतुलन कायम रखना है। इसमें कंपनी के कारोबार में जोखिमों की पहचान, मापन और प्रबंधन शामिल है। नीति के अनुसार सतत आधार पर निगरानी करने के साथ सुधारात्मक कार्रवाई की जाती है।

औद्योगिक संबंध

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, प्रबंधन और कामगारों के बीच संबंध अत्यधिक सौहार्दपूर्ण थे। मानव संसाधन पहल जैसे – कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण एवं उत्पादकता सुधार कंपनी के कर्मचारियों के विकास हेतु महत्त्वपूर्ण केन्द्र बिन्दु थे।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत प्रकटीकरण

कंपनी स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार किसी भी रूप में किसी भी भेदभाव और/या उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करती है। कंपनी ने कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 की आवश्यकताओं के अनुरूप यौन उत्पीड़न विरोधी नीति अपनाई है. यौन उत्पीड़न के संबंध में प्राप्त शिकायतों का समाधान करने के लिए आंतरिक शिकायत समिति की स्थापना की गई है। इस नीति के अंतर्गत सभी महिला कर्मचारी (स्थायी, संविदात्मक, अस्थायी, प्रशिक्षु) सम्मिलित हैं। वर्ष 2017-18 के दौरान, कंपनी द्वारा कोई शिकायत प्राप्त नहीं की गई थी।

आपके निदेशक पुन: कहते हैं कि समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अनुसार कोई मामला दर्ज नहीं किया गया था।

अभिस्वीकृति

